9.8.2020 पत्रिका

सीईटी टलने के बाद मेरिट का नया फॉर्मूला

स्नातक कोर्स में दसवीं, स्नातकोत्तर में बारहवीं के अंक भी रखेंगे महत्व

पत्रिका एक्स-क्लूसिव

अभिषेक वर्मा
patrika.com

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने कोरोना संक्रमण के कारण इस बार प्रमुख कोर्स में प्रवेश के लिए होने वाला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) निरस्त कर दिया है। अब इन कोर्स में भी प्रवेश मेरिट के आधार पर दिए जाएंगे। मगर, इसके लिए मेरिट एक नए फॉर्मूले पर तैयार होगी। स्नातक कोर्स के लिए बारहवीं के साथ दसवीं और स्नातकोत्तर कोर्स के लिए स्नातक के साथ बारहवीं के अंक को भी महत्व देने की तैयारी की जा रही है।

नॉन सीईटी कोर्स के आवेदन की प्रक्रिया पिछले महीने ही शुरू हो चुकी है। विवि प्रबंधन ऐन वक्त तक ऑनलाइन सीईटी का प्रयास करता रहा, लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 20 सितंबर तक परीक्षा कराने से हाथ खड़े कर दिए। ऐसे में विवि को पिछली बार की तरह इस बार भी मेरिट के आधार पर ही प्रवेश देने का कदम उठाना पड़ रहा है। मालूम हो, पिछले साल तकनीकी गड़बड़ी के कारण ऑनलाइन सीईटी निरस्त करना पड़ी थी। इस बार कोरोना के कारण स्थिति बदल गई है। आमतौर पर पिछली परीक्षा के अंक के आधार पर मेरिट तैयार होती है, यानी स्नातक कोर्स में प्रवेश के लिए बारहवीं के अंक और स्नातकोत्तर के लिए स्नातक के अंक मायने रखते हैं।

पिछली परीक्षा को ज्यादा महत्व

पिछली दो परीक्षा के अंक के आधार पर भले ही मेरिट तैयार की जाएगी, लेकिन इसमें अधिक महत्व पिछली परीक्षा का रहेगा। बताया जा रहा है, इससे पहले की परीक्षा का मेरिट में 25 से 40 फीसदी तक योगदान रहेगा। प्रवेश की घोषणा के साथ ही मेरिट का फॉर्मूला भी जारी कर दिया जाएगा। प्रो. चंदन गुप्ता ने कहा, प्लेसमेंट के लिए आने वाली कंपनियां सबसे पहले प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी लेती हैं। सीईटी की ख्याति राष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई है। इस साल सीईटी कराने के हालात नहीं हैं, इसलिए मेरिट के लिए नया फॉर्मूला बनाया जा रहा है।

विवि प्रबंधन ने सीईटी कोर्स का स्तर बनाए रखने के लिए इन अंकों के साथ इससे पहले की प्रमुख परीक्षा को भी आधार बनाने की तैयारी की है। इस बार स्नातक कोर्स के लिए बारहवीं के साथ दसवीं के अंक भी देखे जाएंगे। इसी तरह स्नातकोत्तर कोर्स के लिए स्नातक के अंक के साथ 12वीं के अंक भी महत्व रखेंगे।

9.8.2020 दैनिक भास्कर

नॉन सीईटी कोर्स के लिए 1125 ही आवेदन आए , 31 तक चलेगी प्रक्रिया

इंदौर| देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के नॉन सीईटी कोर्स में एडमिशन के लिए अब तक, महज 1125 ही आवेदन आए हैं। यह प्रक्रिया 31 अगस्त तक चलेगी।

अभी आवेदन की रफ्तार बेहद धीमी है, जबकि एमपी बोर्ड और सीबीएसई 12वीं का रिजल्ट काफी पहले आ चुका है। ऑनलाइन आवेदन के साथ 750 रुपए फीस ली जा रही है। प्रक्रिया में स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस, लाइफ साइंस, फिजिक्स विभाग, केमेस्ट्री, स्कूल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एनर्जी, फिजिकल एजुकेशन, स्टैटिक्स सहित 26 विभागों के 83 कोर्स शामिल हैं। करीब 4100 सीटों पर एडमिशन होंगे। इस प्रक्रिया में लॉ, स्कूल ऑफ कॉमर्स, एसजेएमसी जैसे विभागों के भी कुछ कोर्स शामिल हैं।